FIROZABAD POLICE

"सुरक्षा आपकी, संकल्प हमारा"

**प्रेस नोट थाना नारखी दिनांक 24-05-2025 जनपद फिरोजाबाद।**

# थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 23-04-2025 को मंदिर में चोरी की घटना को अंजाम देने वाले बाल अपचारी सहित कुल 04 अभियुक्तों को चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में थाना नारखी पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना की से सम्बन्धित मु0अ0सं0 106/25 धारा 303(2) का सफल अनावरण करते हुए में मु0अ0सं0 106/25 में वांछित 01 बाल अपचारी सहित कुल 04 अभियुक्तों को चोरी की योजना बनाते समय गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से 07 छोटे बडे पीतल के कलश , 05 बैटरी छोटी बडी ,02 इनवर्टर, 01 स्टार्टर ,01 स्टेप्लाईजर, 02 भगौना छोटे बडे , 01 सिलेन्डर 01 अदद हथौडी, 01 अदद सुम्मी (छेनी) 01 अदद प्लास, 01 अदद आरी का ब्लेड साबुत,01 अदद बेल्चा ,01 अदद चाबी का गुच्छा व 01 अदद पेचकस बरामद हुए। अभियुक्तो द्वारा दिनाँक 24.02.2025 को थाना टूण्डला क्षेत्र के ग्राम रुधऊ मुस्तकिल से 01 बैटरी, दिनाँक 27.04.2025 को थाना खैरगढ़ क्षेत्र के ग्राम लेजम खैय्यातान व 10-05-2025 की रात्रि में थाना खैरगढ क्षेत्र के ही ग्राम लालई में चोरी करना स्वीकार किया गया है। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना नारखी पर मु0अ0सं0 152/25 धारा 313, 317(5) पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-**

दिनांक 23-04-2025 को वादी श्री संजय सिंह निवासी कोटला थाना नारखी द्वारा थाना नारखी पर तहरीर दी गयी कि गढ़ी तोडिया जाने वाले रास्ते पर स्थित वादी के खेतों में टीला वाले सरकार का मंदिर है जिसमें दिनाँक 22/23-04-2025 की रात्रि में अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में थाना नारखी पर मु0अ0सं0 106/25 धारा 303(2) पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था। प्रकरण की विवेचना के दौरान 05 अभियुक्तो 1.अमन पुत्र मोहम्मद, 2.नाजिम पुत्र ग्यास मौहम्मद, 3.मौहम्मद शाकिर पुत्र कोतवाल शाह, 4.पंकज पुत्र रामरतन, 01 बाल अपचारी का नाम प्रकाश में आया था। आज दिनाँक 24.05.2025 को थाना नारखी टीम को सूचना प्राप्त हुई की मु0अ0सं0 106 में वांछित अभियुक्तगण पचौरी भट्टा के पास बंद मकान के पीछे चोरी / लूट की घटना कारित करने की योजना बना रहे। उक्त सूचना पर थाना

नारखी पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर बाल अपचारी सहित 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। 01 अन्य अभियुक्त पंकज पुत्र रामरतन मौके से भाग गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान पूर्व में थाना टूण्डला, थाना खैरगढ़ क्षेत्रान्तर्गत चोरी की अन्य घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया गया है। चोरी की अन्य घटनाओं से सम्बन्धित माल की चोरों के कब्जे से बरामदगी हुई है।

**बरामदगी का विवरण-**

07 छोटे बडे पीतल के कलश , 05 बैटरी छोटी बडी ,02 इनवर्टर, 01 स्टार्टर ,01 स्टेप्लाईजर, 02 भगौना छोटे बडे , 01 सिलेन्डर 01 अदद हथौडी, 01 अदद सुम्मी (छेनी) 01 अदद प्लास, 01 अदद आरी का ब्लेड साबुत,01 अदद बेल्चा ,01 अदद चाबी का गुच्छा व 01 अदद पेचकस।

**नाम व पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण-**

1.अमन पुत्र मोहम्मद जाकिर निवासी अब्बास नगर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।

2. नाजिम पुत्र ग्यास मौहम्मद निवासी अब्बास नगर थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

3. मौहम्मद शाकिर पुत्र कोतवाल शाह निवासी अब्बास नगर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद।

4. बाल अपचारी।

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम-**

1. निरीक्षक अपराध दिनेश कुमार वर्मा थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
2. उ0नि0 अभिषेक गुप्ता थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
3. उ0नि0 विजय चौधरी थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
4. उ0नि0 विशाल सोरान थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
5. उ0नि0 अमित कुमार थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
6. का0 1440 रामवीर सिंह थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
7. का01096 विनीत गौतम थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।
8. का0591 राजकुमार थाना नारखी जिला फिरोजाबाद।